लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

04 जुलाई 2026 शनिवार
वर्ष : 21 अंक: 267
पृष्ठ : 8
लखनऊ
राजधानी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप
The Power of Truth
हिन्दी दैनिक




www.lokhastakshep.com

# जल जीवन मिशन योजना (ग्रामीण) से शुद्ध पेयजल एवं रोजगार सृजनः इं० मौर्य

संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन योजना के तहत जल सखी में चयनित महिलाएं गांव–गांव जाकर फील्ड टेस्ट किट से जल की शुद्धता की जांच पड़ताल कर रही हैं यह जानकारी अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण इंजीनियर मनोज कुमार मौर्य ने दी। जल सखी की महिलाएं गांव से जल एकत्र कर जल की शुद्धता की जांच कर विभाग को निरंतर रिपोर्ट भेजते रहती है इस जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीण स्तर की महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं कार्य कटरी महिलाओं को जल की शुद्धता की जांच पड़ताल के एवरेज में निर्धारित शुल्क विभाग द्वारा दिया जाता है जिससे यह अपने परिवार के लिए सहारा बनी हुई है । इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन में ग्रामीण योजना के तहत गांव के लोगों को प्लंबर पंप ऑपरेटर अन्य रूप से गांव में ही रोजगार के अवसर मिले हैं फिलहाल यह योजना ग्रामीण अंचल के लोगों रोजगार प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुई है मानव जीवन के लिए शुद्ध पेयजल की आवश्यकता थी जो कि जल जीवन योजना मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है । जिससे लोगों को नाना प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है कार्यकारी महिलाओं को प्रशिक्षित कर जल सखी के रूप में क्षेत्र में निरंतर कार्य के रूप में सहभागिता की जा रही है विकासखंड न कहा के ग्राम पंचायत पनगी खुर्द के ग्रामीणों से जानकारी लेने पर ग्रामीण सुरेश कुमार ने बताया जब से जल जीवन मिशन की योजना हमारे गांव में आई है तब से हम लोगो स्वच्छ जल पीने को उपलब्ध हो रहा है एवं ग्रामीण की महिलाओं एवं पुरुषों को रोजगार के साथ जीविका का साधन की उपलब्ध हो रहा है एवं जीवन स्तर पर सुधार हो रहा है।

